# सेमी ऑटोमैटिक स्क्रीन फ़िल्टर के बारे में कुछ आम प्रश्न तथा जानकारी !




**सवाल 1 - सेमी ऑटोमैटिक स्क्रीन फ़िल्टर क्या है तथा यह अन्य फिल्ट्रो से क्यों खास हैं।**

जवाब - सेमी ऑटोमैटिक स्क्रीन फ़िल्टर चलते पानी की लाइन में बिना खोले साफ किया जाने वाला फ़िल्टर हैं जबकि अन्य फिल्ट्रो को साफ करने के लिए लाइन बंद करनी पड़ती हैं और उसे खोलकर साफ किया जाता हैं तथा इसकी खास बात यह है की जो मिटटी के बड़े कण पानी के साथ आकर जाली में रुक जाते है तो इसमें एक लाल रंग का अलार्म आपको फ़िल्टर की सफाई का निर्देशन देता हैं।

**सवाल 2 - फ़िल्टर में दिए जाने वाले अलार्म का क्या मतलब हैं ?**

जवाब - बड़े-बड़े मिटटी के कण चलते पानी के साथ लाइन में आ जाते है और आकर फ़िल्टर की जाली से चिपक जाते हैं जिससे साफ पानी का प्रेशर कम होने लगता हैं और इसमें दिया जाने अलार्म यानि दवाब अंतर सूचक का लाल बटन ऊपर आकर फ़िल्टर की सफाई का निर्देशन देता हैं तथा जब फ़िल्टर साफ़ हो जाता है तब यह लाल बटन फिर निचे चला जाता हैं।

**सवाल 3 - सेमी ऑटोमैटिक स्क्रीन फ़िल्टर की सफाई कैसे करी जाती हैं?**

जवाब - इस फ़िल्टर की सफाई करना बहुत आसान हैं।

- जब फ़िल्टर में दिया जाने वाला अलार्म सूचक यदि बाहर की तरफ लाल हो जाये यानि अब फ़िल्टर को अब साफ करने की ज़रूरत हैं।
- फ़िल्टर की सफाई करते समय चलते पानी में निचे दिए गए ड्रेन पोर्ट को पहले खोलें।
- फ़िल्टर के ऊपर दिए हुए हैंडल को तीन से चार बार दोनों दिशाओ में घुमाये।
- हैंडल से जुड़े नोजल पाइप के घूमने से जाली पर लगे मिटटी के कण वेक्यूम प्रोसेस द्वारा खींच कर ड्रेन पोर्ट से बाहर निकल जाते हैं और लाल बटन वापस निचे आ जाता हैं।
- अगर लाल बटन अभी भी ऊपर है तब उपयुक्त प्रक्रिया को दुबारा दोहराये।

**सवाल 4 - सेमी ऑटोमैटिक स्क्रीन फ़िल्टर को साफ करने में कितना समय लगता हैं?**

जवाब - फ़िल्टर में खास बात यह है की इसकी सफाई करने के लिए इसे खोलना नहीं पड़ता जिससे इसकी सफाई दो या तीन मिनट में ही हो जाती हैं जबकि अन्य फिल्ट्रो को पूरा खोलकर साफ करना पड़ता हैं और इसमें काफी समय लग जाता हैं।

**सवाल 5 - यह किस साइज़ में उपलब्ध है?**

जवाब - यह फ़िल्टर 2”,2½” व 3” के साइज़ में उपलब्ध हैं।

**सवाल 6 - इस फ़िल्टर को कितने समय के बाद साफ करना पड़ता हैं?**

जवाब - यह फ़िल्टर को पानी की क़्वालिटी के हिसाब से दिन में दो बार तथा चार दिन में एक बार साफ करना पड़ता हैं।

